

# रिपोर्ट टाइम्स मीडिया

**शेखावाटी का सबसे विश्वसनीय डिजिटल ई पेपर**

**सुविचार -**
समय का उत्तम उपयोग करना सीखें क्योंकि विश्व के ज्यादातर सफल मनुष्यों ने इसी का प्रयोग किया है।


| सोमवार, 08 सितंबर, अश्विन कृष्ण पक्ष एकम | वर्ष - 07 | अंक 28 | RJ21D0011677 | reporttimes.in@gmail.com | www.reporttimes.in |
|---|---|---|---|---|---|




खाटूश्यामजी में दानपात्र को लेकर विवाद में हुई महिलाओं में लड़ाई

## खाटूश्यामजी में दो महिलाओं में रार, आपस में भांजी लाठियां, पुलिस तक पहुंचा मामला

रिपोर्ट टाइम्स. खाटूश्यामजी। धार्मिक नगरी खाटूश्यामजी में एक बार फिर विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मंदिर के निकास द्वार के पास कबूतर चौक पर शनिवार शाम करीब 7:30 बजे दो महिलाओं के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला हाथापाई तक पहुंच गया. दोनों महिलाओं ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी फैल गई। थाना प्रभारी पवन कुमार चौबे ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि कबूतर चौक मंदिर से करीब 50 मीटर की दूरी पर है और वहां हमेशा श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। पुलिस कई बार दानपात्र रखकर जबरदस्ती चंदा मांगने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है, लेकिन आरोपियों के छूटने के बाद वे फिर सक्रिय हो जाते हैं। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

एक महिला ने दी रिपोर्ट : थाना प्रभारी ने बताया कि हरियाणा के कागदाना गांव निवासी 28 वर्षीय सिलोचना मेघवाल पत्नी विक्रम सिंह ने खाटूश्यामजी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। सिलोचना ने आरोप लगाया कि रामकला जाट, कैलाश जाट, पूजा, सुमन और 2-3 अन्य लोगों ने मिलकर उस पर लाठी-डंडों से हमला किया. हमले में उसका मोबाइल छीनकर तोड़ा गया।

दानपात्र चोरी का आरोप: सिलोचना ने आरोप लगाया कि हमलावर उसके साथ मारपीट करते हुए मंदिर के नाम पर रखे गए तीन दानपात्र भी उठा ले गए। इन दानपात्रों में श्रद्धालुओं द्वारा दिया गया चंदा रखा हुआ था। पीड़िता ने दावा किया कि हमलावरों ने जाते-जाते धमकी दी कि भविष्य में यदि कबूतर चौक पर दानपात्र रखने की कोशिश की तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। सिलोचना ने बताया कि घटना के दौरान बीच-बचाव करने आई उसकी साथी मोनिका और सुनंदा पर भी हमला किया गया। दोनों को सिर पर चोटें आईं और उनके मोबाइल भी तोड़ दिए गए। घटना के बाद श्रद्धालुओं में दहशत फैल गई।

**कारों की जलसमाधि**



## हरियाणा में भारी बारिश

### मारुति की 300 गाड़ियां डूबी

रिपोर्ट टाइम्स. झज्जर। हरियाणा के कई इलाकों में बाढ़ से हालात खराब है और लोग परेशानियों का सामना करने को मजबूर है। इस बीच झज्जर के बहादुरगढ़ में मारुति कंपनी के स्टॉकयार्ड में सैलाबी पानी भर गया और 300 गाड़ियों ने जलसमाधि ले डाली।

मारुति की 300 गाड़ियां पानी में डूबी : झज्जर जिले के बहादुरगढ़ में बाढ़ से हालात बेहद खराब होते जा रहे हैं। रिहायशी क्षेत्र में लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। वहीं औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्रियों में काम बंद हो गया है। दिल्ली से सटे आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र की कई फैक्ट्रियों में चार से पांच फीट तक पानी भरा हुआ है। बारिश और मुंगेशपुर ड्रेन का पानी आने से मारुति के स्टॉकयार्ड में खड़ी तकरीबन 300 गाड़ियां पानी में डूबी हुई हैं। उन्हें किसी भी तरह निकालना तक मुश्किल है।


सैलाबी पानी में गाड़ियां डूबी : मारूति के स्टॉकयार्ड में आल्टो से लेकर वैगनआर, विटारा, ब्रेजा और इनविक्टो तक खड़ी हुई है। कई गाड़ियों के एयरबैग तक खुले हुए हैं और कई के ड्राइवर साईड का विंडो ग्लास भी उतरा हुआ है।

## BJP सांसदों की कार्यशाला में सबसे पीछे वाली सीट पर बैठे पीएम मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली

संसद परिसर में जीएमसी बालयोगी सभागार में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए भाजपा सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई है। वर्कशॉप के पहले दिन रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इसमें शामिल हुए। इस दौरान वह सभागर में एक साधारण सदस्य की तरह सबसे पीछे वाली पंक्ति में बैठे। प्रधानमंत्री मोदी ने बाद में 'कार्यशाला' में शामिल होने की तस्वीरें एक्स पर साझा कीं। उन्होंने लिखा, दिल्ली में आयोजित 'सांसद कार्यशाला' में भाग लिया। पूरे भारत से आए सांसद सहयोगियों और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विविध मुद्दों पर अपने बहुमूल्य विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने आगे कहा कि हमारी पार्टी में, 'सांसद कार्यशाला' जैसे मंच महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे एक-दूसरे से सीखने और इस बात पर विचार-विमर्श करने के लिए बेहतरीन मंच हैं कि हम लोगों की और बेहतर सेवा कैसे कर सकते हैं। इससे पहले, यूपी के गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने एक्स पर पीएम मोदी की तस्वीर साझा की, जिसमें वह हॉल में सबसे पीछे वाली सीट पर भाजपा सांसदों के साथ बैठे नजर आ रहे हैं। भाजपा सांसद ने पोस्ट में लिखा कि भाजपा सांसदों की वर्कशॉप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आखिरी पंक्ति में बैठे। भाजपा संगठन की ये शक्ति है. हर कोई कार्यकर्ता यहां समान है।

**उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए सांसदों की कार्यशाला**



संसद परिसर में जीएमसी बालयोगी सभागार में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए भाजपा सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला में प्रधानमंत्री आखिरी पंक्ति में बैठे।

## पुरी जगन्नाथ मंदिर: कार्तिक माह में महाप्रसाद पर आ सकता संकट

### मुख्यमंत्री से लगाई गुहार, लकड़ी की आपूर्ति की मांग





एजेंसी. पुरी। पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर में महाप्रसाद तैयार करने के लिए लकड़ी की भारी कमी हो रही है। इससे कार्तिक माह में महाप्रसाद की मांग पूरी न होने की आशंका है। महाप्रसाद तैयार करने के लिए जिम्मेदार सेवकों के प्रमुख संघ, सुअर महासुआर निजोग ने इस समस्या को तुरंत हल करने की मांग की है। मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गजपति महाराज को इस मुद्दे को जल्द सुलझाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्तिक माह में भक्तों की संख्या बढ़ जाती है। इस दौरान हजारों भक्त मंदिर में कार्तिक व्रत के लिए आते हैं। इस दौरान महाप्रसाद की मांग बढ़ जाती है।त्योहारों और विशेष दिनों पर महाप्रसाद की जरूरत सामान्य से अधिक होती है। लेकिन, लकड़ी की कमी के कारण महाप्रसाद तैयार करने में दिक्कत हो सकती है। जिससे भक्तों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। महासुआर नियोक्ता के अनुसार, मंदिर की रसोई को रोजाना 120 क्विंटल लकड़ी की जरूरत होती है. त्योहारों के दौरान यह 150 क्विंटल तक पहुंच जाती है। लेकिन वन विभाग केवल 35 क्विंटल लकड़ी की आपूर्ति कर रहा है, जो बहुत कम है. इस कमी को पूरा करने के लिए महासुआर को बाहर से महंगी लकड़ी खरीदनी पड़ रही है।फिर भी, लकड़ी की कमी बनी रहती है। रोजाना 30 से 40 हजार भक्तों के लिए महाप्रसाद तैयार होता है। त्योहारों के दौरान यह मात्रा दोगुनी हो जाती है। श्री मंदिर प्रशासन कोठ भोग (प्रभु के लिए भोग) के लिए लकड़ी उपलब्ध कराता है। लेकिन आनंद बाजार में बिकने वाले बरडी महाप्रसाद के लिए महासुआर को खुद लकड़ी जुटानी पड़ती है। 2024 से वन विभाग 35 क्विंटल लकड़ी दे रहा है, जो काफी नहीं है।

## राजस्थान में "कहर" के बाद अब "राहत"

### 9 से 15 सितम्बर तक बारिश की संभावना नहीं



रिपोर्ट टाइम्स. जयपुर।

भारतीय मौसम विभाग ने राजस्थान के लिए बारिश का लेकर नया अलर्ट जारी किया है। इसमें सात सितम्बर को कई जिलों में अत्यंत भारी बारिश होगी। इसके बाद आठ सितम्बर को कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट है। इसके बाद भारी बारिश की गतिविधियों में कमी आ जाएगी और अगले एक सप्ताह तक राज्य में कहीं भी भारी बारिश की संभावना नहीं है। राजस्थान इस समय भारी बारिश से परेशान है। अधिकांश बांधों की चादर चल रही है तो कहीं बांधों के गेट खुले हुए है। छह व सात सितम्बर को तो कई जिलों के लिए रेड अलर्ट भी जारी किया हुआ है। दक्षिणी राजस्थान के ऊपर बना वेल मार्क लो तीव्र होकर अवदाब में बदल गया है व द.प. राज व आसपास के गुजरात के ऊपर बना हुआ है। इसके असर से पिछले 24 घंटों में दक्षिणी राज में कहीं-कहीं भारी से अत्यंत भारी बारिश दर्ज हुई है। सर्वाधिक बारिश सांचौर, जालौर में 210 एमए दर्ज की गई है। इधर मौसम विभाग के अनुसार, जालौर, सिरोही, बाड़मेर, बालोतरा, उदयपुर व आसपास के जिलों में 30-40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं भारी से अति भारी बारिश व एक दो स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश होने की संभावना है। शेष कोटा, जयपुर, भरतपुर, अजमेर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में आज केवल हल्की-मध्यम बारिश होने की संभावना है। भारी बारिश की गतिविधियां बाड़मेर, जालौर व जैसलमेर जिलों में कहीं-कहीं 8 सितम्बर को भी जारी रहने की संभावना है तथा शेष अधिकांश भागों में आगामी एक सप्ताह बारिश की गतिविधियों में गिरावट होने की प्रबल संभावना है।


प्रधान रोहिताश ने किया बाढ़ पीड़ितों की मदद का आह्वान

# पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद करेंगे जनप्रतिनिधि और कर्मचारी, प्रधान ने किया मदद का आह्वान

संजय दाधीच, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए चिड़ावा पंचायत समिति के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी एकजुट हो गए हैं। प्रधान रोहिताश धांगड़ की विशेष पहल पर, बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुँचाने के लिए एक बड़े धन संग्रह अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस मानवीय प्रयास में, पंचायत समिति से जुड़े सभी सदस्य, अधिकारी और कर्मचारी अपनी तरफ से आर्थिक सहयोग राशि प्रदान करेंगे।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य पंजाब के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों को त्वरित राहत पहुँचाना है। प्रधान रोहिताश धांगड़ ने बताया कि यह हमारा नैतिक दायित्व है कि हम संकट की इस घड़ी में अपने पड़ोसी राज्य के लोगों के साथ खड़े हों। उन्होंने कहा कि बाढ़ ने वहाँ के जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है और ऐसे में हमारी छोटी सी मदद भी उनके लिए बहुत बड़ा सहारा बन सकती है।

धन संग्रह के इस कार्य को व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के लिए एक पाँच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति ग्राम पंचायत स्तर पर धन संग्रह का कार्य करेगी। इस समिति में एसीबीईओ सुरेश पायल, ग्रामसेवक संघ के अध्यक्ष रमन धनखड़, किठाना के सरपंच प्रतिनिधि हरेंद्र धनखड़, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कपिल कटेवा (बख्तावरपुरा) और पूर्व पंचायत समिति सदस्य विनोद सिंह निर्वाण को शामिल किया गया है। यह समिति उन सभी लोगों से संपर्क करेगी जो इस नेक कार्य में अपना योगदान देना चाहते हैं।

समिति के सदस्यों का कहना है कि वे व्यक्तिगत रूप से और ग्राम पंचायतों के माध्यम से सभी इच्छुक लोगों तक पहुँचेंगे। उनका लक्ष्य है कि जल्द से जल्द एक अच्छी-खासी राशि एकत्र की जाए ताकि वह समय पर जरूरतमंदों तक पहुँच सके। प्रधान धांगड़ ने इस प्रयास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को धन्यवाद दिया और उनकी संवेदनशीलता की सराहना की।

इस अभियान को और व्यापक बनाने के लिए प्रधान धांगड़ ने चिड़ावा के आमजन से भी बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा, "आपदा किसी को बताकर नहीं आती, लेकिन ऐसे समय में मानवता और एकजुटता ही सबसे बड़ा सहारा होती है। मैं चिड़ावा के सभी नागरिकों से अनुरोध करता हूँ कि वे अपनी क्षमता के अनुसार इस अभियान में योगदान दें। आपका एक-एक रुपया किसी परिवार को फिर से खड़ा होने में मदद कर सकता है।"

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एकत्र की गई पूरी सहयोग राशि को जिला कलेक्टर के माध्यम से पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भेजा जाएगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि राशि सीधे और पारदर्शी तरीके से उन लोगों तक पहुँचेगी जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। इस पहल से न केवल आर्थिक मदद मिलेगी, बल्कि यह राजस्थान और पंजाब के बीच आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को भी मजबूत करेगा।

सड़क हादसा

शहर की बाईपास रोड पर गोगाजी मंदिर के पीछे मेला मैदान के पास हुआ सड़क हादसा

# सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत

## ट्रेक्टर ट्रॉली ने बाइक में मारी टक्कर, श्योपुरा निवासी मनोज की मौत

आकाश वर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। शहर की बाइपास रोड पर रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। यह हादसा बावलिया बाबा मंदिर के पीछे मेला मैदान के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान श्योपुरा निवासी मनोज कुमार के रूप में हुई है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना दिया है। जानकारी के मुताबिक, श्योपुरा निवासी मनोज कुमार अपनी बाइक पर सवार होकर बाइपास रोड से गुजर रहे थे। रात का समय होने के कारण सड़क पर आवाजाही कम थी। तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को बुरी तरह से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मनोज सड़क पर बुरी तरह से जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के तुरंत बाद, वहां से गुजर रहे कुछ युवकों ने मनोज को सड़क पर लहूलुहान हालत में पड़ा देखा। उन्होंने तुरंत मानवता दिखाते हुए उसे उठाया और तत्काल एक निजी अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, मनोज की गंभीर हालत को देखते हुए, निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे सरकारी उप जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सरकारी अस्पताल में पहुंचते ही डॉक्टरों ने मनोज की जांच की और उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि सिर में लगी गंभीर चोटों के कारण उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। हादसे की सूचना मिलते ही चिड़ावा पुलिस थाने से एएसआई ओमप्रकाश नरूका मय जाब्ता घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने दुर्घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और प्रारंभिक जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस ने मृतक मनोज कुमार के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। सोमवार को सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। इस दुखद घटना ने एक बार फिर बाइपास रोड पर ट्रैफिक नियमों की अनदेखी और भारी वाहनों की तेज रफ्तार पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाइपास रोड पर अक्सर तेज रफ्तार में वाहन चलते हैं, जिससे हादसे का खतरा हमेशा बना रहता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस समस्या पर ध्यान देने और ऐसे हादसों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। मनोज कुमार की अचानक मौत से उसके परिवार में मातम छा गया है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# गिन्नी देवी-सत्यनारायण सेखसरिया मेमोरियल ट्रस्ट ने लगाया चिकित्सा शिविर, 142 मरीज हुए लाभान्वित

रोहित कुमार | चिड़ावा

गिन्नी देवी-सत्यनारायण सेखसरिया मेमोरियल ट्रस्ट ने शहर में एक विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया, जिसका उद्घाटन पूर्व आरपीएस सुंदरलाल शर्मा और ट्रस्ट के स्थानीय प्रतिनिधि सतीश शर्मा ओजटूवाला ने किया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएँ और परामर्श प्रदान करना था। शिविर में क्षेत्र के जाने-माने डॉक्टरों ने अपनी सेवाएँ दीं, जिससे 142 मरीजों को लाभ मिला। शिविर में सुबह से ही मरीजों की भीड़ उमड़ने लगी थी। विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित लोगों ने पंजीकरण कराया और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। शिविर में डॉ. गौरव कुलवाल, डॉ. अंशुल कुमार गुप्ता, डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. एस.आर. चाहर, और डॉ. मनदीप कुमार ने मरीजों की जाँच की और उन्हें सही चिकित्सा सलाह दी।

ट्रस्ट के प्रतिनिधि सतीश शर्मा ओजटूवाला ने बताया कि यह शिविर समाज सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पूर्व आरपीएस सुंदरलाल शर्मा ने ट्रस्ट के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि समाज के हर वर्ग को इस तरह की परोपकारी गतिविधियों में आगे आना चाहिए। शिविर को सफल बनाने में शशिकांत टेलर, रघुनंदन, और दिनेश ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने पंजीकरण से लेकर मरीजों को डॉक्टरों तक पहुँचाने में मदद की।

## शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने दी सेवा


चिड़ावा में लगे शिविर में मरीज की जांच करते डॉक्टर

बिजली अलर्ट | चिड़ावा के विभिन्न इलाके में होगी बिजली कटौती

# रखरखाव कार्य के चलते जीएसएस से लगते फ़ीडरों पर दो घंटे रहेगी कटौती

चिड़ावा। जीएसएस से लगती 33 केवीए लाइन के रखरखाव कार्य के चलते सोमवार को विभिन्न फीडरों पर दो घंटे बिजली कटौती रहेगी। जेईएन दीपिका गोदारा ने बताया कि सुबह 7.30 से 9.30 बजे तक हीरवा, पिचानवां, अड़ूका और रीको औद्योगिक क्षेत्र जीएसएस के फीडरों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जेईएन ने कटौती के दौरान होने वाले कार्यों को लोगों को पहले या बाद में करने की अपील की है।

## चिड़ावा में कृषक आदान विक्रेताओं का प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान की कार्यशाला सोमवार को

### विभिन्न कृषक योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

कमलकांत पुजारी, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। इफको एवं कृषि विभाग झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में चिड़ावा कृषि उपखंड के समस्त आदान विक्रेताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं रबी 2025-26 जागरूकता अभियान कार्यक्रम सोमवार को आयोजित होगा। रतेरवाल सीड्स चिड़ावा के संचालक कृष्ण शर्मा ने बताया कि यह कार्यशाला 8 सितंबर को प्रातः 11 बजे पंचायत समिति सभागार, चिड़ावा में होगी। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञ फसलों की तकनीकी जानकारी देंगे और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करेंगे। डीडीओ राजेंद्र लांबा ने बताया कि रबी फसलों के लिए उर्वरकों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि फर्टिलाइजर की उपलब्धता, उर्वरक नियंत्रण अधिनियम और किसानों को समय पर सही गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराने जैसे मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। आयोजकों ने सभी आदान विक्रेताओं से समय पर उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है।

## अगवाना खुर्द ने कुश्ती में जीती ट्राफी



पवन शर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. सूरजगढ़। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अगवाना खुर्द के 14 वर्षीय छात्रा वर्ग ने 69 वीं जिला स्तरीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में चेम्पियनशिप ट्राफी जीती। टीम प्रभारी ओमपति व सुमन मान ने बताया कि 14 वर्षीय छात्रा वर्ग में कामना, भावना, रजनी, राधिका ने गोल्ड मेडल जीता और राज्य स्तर पर खेलने के लिए चयन हुआ। इसी प्रकार 17 वर्षीय छात्रा वर्ग में मनीषा और निकिता ने गोल्ड मेडल जीतकर राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया। ये जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिताएं पद्म श्री द्रोणाचार्य गुरू हनुमान व्यायामशाला संस्थान चिड़ावा में आयोजित की गई थी। वीर तेजाजी विकास संस्थान के अध्यक्ष जगदेव सिंह खरड़िया व योगाचार्या सुदेश खरड़िया ने बधाई दी।

## गौ ग्रास को लेकर वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी सिंगला की अपील



योगेश शर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश सिंगला ने लोगों से अपील की है कि श्राद्ध पक्ष में गौ माता को तला हुआ गौ ग्रास न दे,ये गाय के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इसकी जगह लोग हरा चारा, गुड तवा रोटी या कच्ची सब्जी दें। अपनी धार्मिक आस्था को मानते हुए गाय को तले हुए गौ ग्रास देते हो जिससे गाय के लिवर में फैट जमा हो सकता है और पाचन क्रिया बिगड़ सकती है तथा गाय की मृत्यु भी हो सकती है। सोचो अगर किसी गाय की मृत्यु हो जाती है तो क्या आपके पितरों को शांति मिलेगी। अतः सभी आमजन से अनुरोध है कि सभी लोग इस श्राद्ध पक्ष के दौरान अपने पितरों की शांति के साथ गौवंश को भी बचाने का कार्य करेंगे और सभ्य नागरिक होने का प्रयास करेंगे।




# एशिया कप हॉकी फाइनल में भारत की साउथ कोरिया पर शानदार जीत, 4-1 से जीता मुकाबला

## भारत इस जीत के साथ सीधे विश्व कप हॉकी के लिए क्वालीफाई हो गया





एजेंसी. राजगीर। राजगीर में आयोजित हीरो एशिया कप हॉकी 2025 का फाइनल मुकाबला आज ऐतिहासिक बन गया। मेजबान भारत ने डिफेंडिंग चैंपियन कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। चौथी बार भारत ने ये खिताब अपने नाम किया। मैच की शुरुआत होते ही भारत ने जबरदस्त आक्रमण किया। पहले ही 30 सेकेंड में सुखजीत सिंह ने रिवर्स स्वीप से शानदार गोल दागकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई थी।

**दिलप्रीत सिंह का दमदार प्रदर्शन :** दूसरे क्वार्टर में दिलप्रीत सिंह ने 28वें मिनट में गोल दागकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। तीसरे क्वार्टर के 44वें मिनट में उन्होंने दूसरा गोल करते हुए टीम का स्कोर 3-0 पहुंचा दिया। दिलप्रीत सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**अभिषेक मैच ऑफ द टूर्नामेंट :** फाइनल के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में भारतीय खिलाड़ी अभिषेक को पूरे टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी यानी मैच ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया. उन्हें इसके लिए 2000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि दी गई.

**चौथा गोल और कोरिया की वापसी :** 48वें मिनट में अमित रोहिदास ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल कर भारत को 4-0 की मजबूत बढ़त दिलाई। हालांकि 51वें मिनट में कोरिया की ओर से डेन सोन ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर 4-1 कर दिया।

**कोरिया की ओर से एकमात्र गोल :** 44वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने दूसरा गोल किया और स्कोर 3-0 पहुंचा दिया। वहीं 48वें मिनट में अमित रोहिदास ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 4-0 की मजबूत बढ़त दिलाई। डिफेंडिंग चैंपियन कोरिया की ओर से डेन सोन ने 51वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर पर टीम का पहला और एकमात्र गोल दागा. लेकिन भारत की बढ़त बरकरार रही।

## बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की इनाम की घोषणा




रिपोर्ट टाइम्स. राजगीर। बिहार के राजगीर में खेले गए हीरो एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत ने डिफेंडिंग चैंपियन कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब जीत लिया था. इस धमाकेदार जीत के बाद अब खिलाड़ियों और सपोर्टिंग स्टाफ को इनाम देने का ऐलान हुआ है. मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री की घोषणा के मुताबिक हर खिलाड़ी को 3-3 लाख रुपए दिए जाएंगे जबकि सपोर्टिंग स्टाफ को डेढ़-डेढ़ लाख रुपए की इनामी राशि मिलेगी। इस कदम से टीम का मनोबल और भी ऊंचा होगा।

## मलेशिया ने चीन और जापान ने बांग्लादेश को हराया



रिपोर्ट टाइम्स. राजगीर। हीरो एशिया कप (मेंस) 2025 हॉकी टूर्नामेंट का समापन रोमांच और जोश से हुआ। आखिरी दिन पॉइंट टेबल तय करने के लिए दो मुकाबले खेले गए जिनमें जापान और मलेशिया ने शानदार जीत दर्ज की।

**जापान ने बांग्लादेश को 6-1 से रौंदा :** दिन का पहला मुकाबला जापान और बांग्लादेश के बीच हुआ। जापान ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 6-1 से बड़ी जीत हासिल की और टूर्नामेंट में पांचवां स्थान पक्का कर लिया।

**मलेशिया ने चीन को दी मात :** दूसरे मुकाबले में मलेशिया और चीन आमने-सामने थे। तीसरे स्थान की जंग में मलेशिया ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और 4-1 से जीत दर्ज की।